एफएनटीए समझौता ऐतिहासिक

यह ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास को गति देगाः मोदी

एजेंसियां
नई दिल्ली, 6 फरवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सीमांत नागालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण (एफएनटीए) के गठन के लिए त्रिपक्षीय समझौता ऐतिहासिक है और पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति एवं समावेशी विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'यह वास्तव में ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास को गति प्रदान करेगा।'

केंद्र सरकार ने पूर्वी नागालैंड की मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से सीमांत नागालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण के गठन के वास्ते नागालैंड सरकार और ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नये द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

समझौते पर गुरुवार को नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'यह समझौता नागालैंड के छह जिलों- तुएनसांग, मोन, किफिहिरे, लोंगलेंग, नोकलक और शमाटोर के लिए सीमांत नागालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण (एफएनटीए) के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और 46 विषयों के संबंध में एफएनटीए को शक्तियां हस्तांतरित करेगा।' यह राज्य के भीतर एक नए प्रशासनिक निकाय की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसका उद्देश्य पूर्वी नागालैंड की मांगों को पूरा करना है।

इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि केंद्र, नागालैंड सरकार और 'ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन' (ईएनपीओ) के बीच हुआ त्रिपक्षीय समझौता पूर्वी नागालैंड के मुद्दों को सुलझाने की दिशा में बड़ी सफलता है। खांडू ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट में कहा, 'यह समझौता पूर्वी नागालैंड के दशकों पुराने मुद्दों को सुलझाने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।'



अंक नहीं, जीवन बेहतर बनाने पर ध्यान दें विद्यार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छात्रों को सलाह दी कि वे देश में डेटा सस्ता होने के कारण इंटरनेट पर समय बर्बाद न करें और अपने जीवन एवं शैक्षिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करें। मोदी ने 'प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि पढ़ाई बोझ नहीं होनी चाहिए। सभी को इसमें पूरी तरह शामिल होना चाहिए, क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती।

उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों से कहा, 'शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनने देती।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए।'

मोदी ने बच्चों से कहा, 'हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो, लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे।'

गेमिंग एक कौशल

मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए 'गेम' खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा, 'आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त न हों। इसे मनोरंजन के लिए न करें। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गेमिंग एक कौशल है, क्योंकि इसमें काफी गति होती है और इसका उपयोग सतर्कता परखने तथा आत्म-विकास के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी का कार्य करने का अपना तरीका या शैली होती है। उन्होंने कहा, 'जो बीत गया, मैं उसे नहीं देखता। मैं हमेशा आगे आने वाली चीजों के बारे में सोचता हूं। कुछ शिक्षक होते हैं जो केवल महत्त्वपूर्ण चीजें पढ़ाते हैं और अच्छे अंक लाने में आपकी मदद कर सकते हैं, लेकिन अच्छे शिक्षक सर्वांगीण विकास के लिए पूरा पाठ्यक्रम पढ़वाते हैं। जीवन में केवल परीक्षा अहम नहीं है। शिक्षा हमारे विकास का माध्यम है।'

'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण का प्रसारण संसद परिसर स्थित बाल योगी सभागार में भी किया गया। साल 2018 में शुरू हुए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में 'टाऊनहॉल' के प्रारूप में छात्रों से बातचीत होती थी और यह धीरे-धीरे भारत का सबसे बड़ा शिक्षा से संबंधित सहभागिता वाला कार्यक्रम बन गया। वर्ष 2023 में लगभग 38.8 लाख बच्चों ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया और यह 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 2.26 करोड़ हो गया। 2025 में यह आंकड़ा 3.53 करोड़ तक पहुंच गया और 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बन गया। वहीं, नौवें संस्करण ने 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस वर्ष, गुजरात के देवमोगरा, तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, असम के गुवाहाटी और नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए।

लोक सभा में गतिरोध बरकरार, बाहर विपक्ष का प्रदर्शन



लोक सभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय तथा कुछ अन्य मुद्दों पर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में सोमवार से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत विभिन्न मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के बिना पारित कर दिया गया था।

लोक सभा की कार्यवाही शुक्रवार को जब एक बार के स्थगन के बाद शुरू हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप पहुंचकर 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'जो उचित समझो, वो करो' (नरवड़े के संस्मरण का एक वाक्य) के नारे लगाए। पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने और केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, 'आज बजट पर चर्चा है, आप उसमें अपने विषय उठा सकते हैं। कृपया सदन चलने दें।'

तेन्नेटी ने सदन में तख्तियां लहरा रहे कई विपक्षी सदस्यों को टोकते हुए कहा कि यह उचित नहीं है और सदन में तख्तियां नहीं लाई जा सकतीं। नारेबाजी जारी रहने पर उन्होंने दोपहर 12 बजकर सात मिनट पर सदन की बैठक सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, शुक्रवार सुबह 11 बजे जब सदन की बैठक शुरू हुई तो लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और भारतीय जनता पार्टी के सांसद राजपाल सिंह का नाम पूरक प्रश्न पूछने के लिए पुकारा। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के समीप आ गए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल सभी सदस्यों का समय होता है और आज कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का प्रश्न भी सूचीबद्ध है। उन्होंने कहा कि हंगामे के कारण इस सत्र में अभी तक सदन का 19 घंटे 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।

संसद परिसर में जुटा विपक्ष

कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोक सभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोक सभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए और उन्होंने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए।

मोदी ने नहीं दिया विपक्ष के सवालों का जवाब

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य सभा में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 97 मिनट के भाषण में कोई तथ्य नहीं था और वह विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से संसद नहीं चलाना चाहती। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, 'प्रधानमंत्री के भाषण पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। फिर भी जितनी घटिया बात उन्होंने बोली है, उनका मैं जरूर जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि झूठी बातों को दोहराना उनका हमेशा से एक काम रहा है। संसद में उनके भाषण में हमारी बातों पर एक भी उत्तर नहीं दिया गया। सिर्फ 100 साल की, 75 साल की, 50 पचास साल की बात करते रहे।' भाषा

ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

Truhome FINANCE

पंजीकृत कार्यालय : श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेयनामपेट, चेन्नई-600018 मुख्य कार्यालयः लेवल 3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ता कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051
वेबसाइट : http://www.truhomefinance.in

भौतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)** का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में नीचे तालिका वर्णित कर्जदारों को कथित माँग सूचनाओं में उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए माँग सूचनाएँ जारी की थीं।

कर्जदारों के राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदारों तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम तथा नियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत नीचे वर्णित सम्पत्ति पर 05.02.2026 को **भौतिक कब्जा** कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

[प्रतिभूत आस्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के संबंध में कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।]

कर्जदार का नाम एवं पता

(1) श्री जंदेल सिंह बघेल पुत्र श्री हरनाम सिंह बघेल
पता- फ्लैट संख्या-03, बी-सेक्टर, मोहिनी रिवर व्यू अपार्टमेंट, धामखेड़ा, डी-मार्ट के पीछे, भोपाल, मध्य प्रदेश 462042
साथ ही - मकान संख्या-334, आजाद नगर, मनप्रीत होटल के पास, अशोक गार्डन, हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462023 (2) श्रीमती स्वरूपी बाई पत्नी श्री हरनाम सिंह बघेल, पता- फ्लैट संख्या-03, बी-सेक्टर, मोहिनी रिवर व्यू अपार्टमेंट, धामखेड़ा, डी-मार्ट के पीछे, भोपाल, मध्य प्रदेश 462042
साथ ही - मकान संख्या-92, ग्राम - मोहना, पुराना थाना, तहसील- ग्वालियर, जिला- ग्वालियर (मध्य प्रदेश) 475333
ऋण खाता संख्याः SLPHBHOP0000790

मांग सूचना के अनुसार देय राशि

तिथि 08.07.2025 तक रु. 9,46,445/- (रुपये नौ लाख छियालीस हजार चार सौ पैंतालीस मात्र) ऋण खाता संख्या SLPHBHOP0000790 के संदर्भ के तहत
सूचना की तिथि - 14/07/2025

बंधक संपत्ति का विवरण

अचल संपत्ति का समस्त भाग - आवासीय प्लॉट नंबर 42 खसरा नंबर 36/1/2/2 का हिस्सा गांव महोली, पीएच नंबर 21, वार्ड नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मंडल 01 विकासखंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट या 55.76 वर्ग मीटर सीमाएँ:- पूर्वः प्लॉट नंबर 50, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर 43, दक्षिणः प्लॉट नंबर 41

कर्जदार का नाम एवं पता

(1). मेसर्स नेक्स्ट एपिसोड क्लब प्रोपराइटर श्री जंदेल सिंह बघेल पुत्र श्री हरनाम सिंह बघेल
पता-ऊपरी तल, रिलायंस फ्रेश बिल्डिंग, चूना बत्ती, भोपाल, म.प्र. -462001
(2). श्री जंदेल सिंह बघेल पुत्र श्री हरनाम सिंह बघेल
(3). श्रीमती स्वरूपी बाई पत्नी श्री हरनाम सिंह बघेल पता-फ्लैट नं.-03, बी-सेक्टर, मोहिनी रिवरव्यूअपार्टमेंट, धामखेड़ा, डी मार्ट के पीछे, भोपाल, म.प्र. 462042
ऋण खाता संख्या SLPHBHOP0001478

मांग सूचना के अनुसार देय राशि

तिथि 10.11.2025 तक रु. 7,56,776/- (रुपये सात लाख छप्पन हजार सात सौ छिहत्तर मात्र) ऋण खाता संख्या SLPHBHOP0001478 के संदर्भ के तहत
सूचना की तिथि - 15/11/2025

बंधक संपत्ति का विवरण

अचल संपत्ति का समस्त भाग - आवासीय प्लॉट संख्या 42, खसरा संख्या 36/1/2/2, ग्राम महोली, पीएच संख्या 21, वार्ड संख्या 74, राजसवर निरीक्षक मंडल 01, विकासखंड फंदा, तहसील हुसूर, जिला भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट या 55.76 वर्ग मीटर सीमाएँ:- पूर्वः प्लॉट संख्या 50, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट संख्या 43, दक्षिणः प्लॉट संख्या 41

स्थान : इंदौर
तिथि : 05.02.2026
ह./-अधिकृत प्राधिकारी-ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

pnb Housing Finance Limited — Ghar Ki Baat

परिशिष्ट—IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई—नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई—नीलामी सूचना
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली—110001, फोन नं. 011—23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय : दूसरा तल, 131/8, मैन रोड,जोन 2,एम पी नगर, झूमरवाला के पास, भोपाल— 462011, मध्य प्रदेश

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर—ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर—डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर—सी में वर्णित है) को **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम—8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या—ए में दर्शाया जा सकता है।बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण सं./उधारकर्ता /सह—उधारकर्ता /गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%) (F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/न्यायालय मुकदमा अगर कोई है (K)
HOU/BHO/0517/383357 अमित अरोरा/रीता अरोरा शाखा : भोपाल	रूपये 25,63,714.78 और दिनांक 15.01.2025 तक	भौतिक	वार्ड सं. 23, स्वर्णकार कॉलोनी, विदिशा, मध्य प्रदेश— 464001	रू. 22,32,000	रू. 2,23,200	23.02.2026	रू. 10,000	18.02.2026 दोप 12:00 बजे से अपर्राह्न 04:00 बजे के बीच	24.02.2026 अपर्राह्न 02:00 बजे से 03:00 बजे के बीच	*कोई नहीं/ ज्ञात नही
HOU/BHO/0518/527890 हितेश चौधरी/अंकिता चौधरी शाखा : भोपाल	रूपये 7,50,215.83 और दिनांक 31.07.2021 तक	भौतिक	शिवली ब्लॉक, 0 फ्लैट. 505, किंग पार्क सिटी ग्राम— पिपलिया गज्जू, मण्डीदीप, तहसील गोहरगंज, सर्वे सं. 70/1/2, भोपाल, मध्य प्रदेश— 462003	रू. 6,03,000	रू. 60,300	23.02.2026	रू. 10,000	16.02.2026 दोप 12:00 बजे से अपर्राह्न 04:00 बजे के बीच	24.02.2026 अपर्राह्न 02:00 बजे से 03:00 बजे के बीच	*कोई नहीं/ ज्ञात नही

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर—के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**

(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। **(2)** संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ—साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **(3)** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री कीपुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई—नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेब साइट—www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**

स्थान : भोपाल, दिनांक : 06.02.2026
हस्ता./— प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

CFM thoughtful regeneration
सीएफएम एसेट रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड CIN: U67100GJ2015PTC083994
पहली मंजिल, वेकफील्ड हाउस, स्प्रोट रोड, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई -400038 ईमेलः ram-jaluka@cfmarc-in संपर्कः 022-40055282/8976862752

कब्जे की सूचना

"फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 के असाइनमेंट डीड के जरिए सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में ऋण सौंप दिया है। चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (सीएफएम एआरसी) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ताओं/ बंधककर्ताओं/गारण्टर को देय राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है। उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता और व्यक्तिगत गारंटर विशेष रूप से और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन सीएफएमएआरसी द्वारा नीचे उल्लिखित राशि के साथ-साथ उस पर अतिरिक्त ब्याज और लागत, शुल्क और व्यय आदि (मांग नोटिस जारी होने के बाद से भुगतान की गई राशि को घटाकर, यदि कोई हो) के अधीन होगा। उधारकर्ता और व्यक्तिगत गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित आस्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। LAN नंबर उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता /गारंटर मांग नोटिस की तिथि और राशि बंधक संपत्ति के कब्जे का विवरण।

ऋणी/सह-ऋणी एवं गारण्टर का नाम एवं पता	मांग नोटिस की तिथि और राशि	कब्जे की तिथि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
(ऋण खाता संख्या) 6007171, रामकृष्ण शिवहरे (ऋणी), शीतल शिवहरे (सहऋणी), सुरेश कलार शिवहरे (सहऋणी)	15-सितंबर-2025 Rs. 705,889/- सात लाख पाँच हजार आठ सौ नवासी रुपये मात्र 31-दिसंबर-2024 तक	09-जनवरी-2026	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच. नं.- 25, खसरा नं.- 84/2, वार्ड नं.- 12, मकान नं.- 03, ग्राम- बमोरी ताल, पोस्ट- शाडोरा, तहसील- शाडोरा, जिला- अशोकनगर (मप्र) 473330, क्षेत्रफलः 1296 वर्गफीट, पूर्वः लल्लू का खेत, पश्चिमः रोड, उत्तरः मुनेश का प्लॉट, दक्षिणः स्वयं की खुली भूमि
(ऋण खाता संख्या) 5021950, संदीप मराठा (ऋणी), सुलोचना बाई मराठा (सहऋणी)	07-अप्रैल-2025 Rs. 203,074/- दो लाख तीन हजार चौहत्तर रुपये मात्र 31-दिसंबर-2024 तक	09-जनवरी-2026	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नंबर 18 का भाग, पी. एच. नं.- 33, ग्राम- बक्सनपुर, तहसील- बमोरी, जिला- गुना (म. प्र.), 473001, क्षेत्रफलः 384 वर्गफीट, पूर्वः बसंत राव का मकान, पश्चिमः खुला क्षेत्र, उत्तरः शिवाजी राव का मकान एवं रोड, दक्षिणः रोड
(ऋण खाता संख्या) 6006019, मुकेश साहू (ऋणी), राजकुमारी साहू (सहऋणी)	10-मार्च-2025 Rs. 615,453/- छः लाख पंद्रह हजार चार सौ तरेपन रुपये मात्र 31-दिसंबर-2024 तक	09-जनवरी-2026	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच. नं.- 37, खसरा नं.- 233, ग्राम- फतेहगढ़, तहसील- बमोरी, जिला- गुना (म.प्र.) 473105, क्षेत्रफलः 635 वर्गफीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः पुरुषोत्तम शर्मा का मकान, उत्तरः पुरुषोत्तम शर्मा का मकान, दक्षिणः सूरज शर्मा का मकान

दिनांकः 06.02.2026
स्थानः गुना, मप्र
प्राधिकृत अधिकारी
सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
[सीएफएमएआरसी ट्रस्ट – 151 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत]

ड्रेजिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(नि.प.सं. एल29222डीएल1976पीएलसी008129)
पंजीकृत कार्यालय : कोर-2,पहली मंजिल, 'स्कोपमीनार', प्लॉट नं. 2 एव 2 बी, लक्ष्मी नगर जिला केन्द्र, दिल्ली-110 091
प्रधान कार्यालय : 'निकर्षण सदन', एच.बी. कॉलोनी मेन रोड, सीतम्मधारा, विशाखपट्नम- 530 022;
ई-मेलः kalabhinetri@dcil.co.in ; दूरभाष : 0891 - 2523250 ;
फैक्स : 0891 - 2560581; वेबसाइट : www.dredge-india.com

दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही/ नौमाही संबंधी स्वतः अपरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	दिनांक 31.12.2025 को समाप्त तिमाही	दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही	दिनांक 31.12.2025 को समाप्त नौमाही	दिनांक 31.12.2024 को समाप्त नौमाही	दिनांक 31.12.2025 को समाप्त वर्ष
1	प्रचालनों से कुल आय	27607.51	32443.90	73009.51	67973.81	114213.87
2	इस अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पहले)	-2458.61	1836.24	-8086.26	-6790.19	-4413.67
3	इस अवधि के लिए कर-पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के बाद)	-2462.83	1676.83	-8086.26	-4719.00	-2608.56
4	इस अवधि के लिए कर-पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के बाद)	-2462.83	1605.67	-8215.20	-4885.40	-2745.66
5	इस अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इस अवधि के लिए (कर-पश्चात) लाभ / हानि और अन्य व्यापक आय (कर-पश्चात) से युक्त)	-2462.83	1605.67	-8215.20	-4885.40	-3379.65
6	प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूँजी	2800.00	2800.00	2800.00	2800.00	2800.00
7	आरक्षितियाँ (पुनर्मूल्यांकित आरक्षितियों को छोडकर)			110541.49	117844.82	119349.01
8	प्रतिभूति प्रीमियम आरक्षिति			0	0	0
9	निवल मूल्य			113341.49	120644.82	122149.01
10	निवल ऋण साम्या अनुपात			0.94:1	0.5:1	0.76:1
11	डिबेंचर प्रतिदान आरक्षिति			0	0	0
12	ऋण सेवा कवरेज अनुपात			0.53:1	0.61:1	0.93:1
13	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात			2.53:1	2.82:1	3.86:1
14	प्रति शेयर आमदनी (ई.पी.एस.)(रुपयों में)					
	(क) मूल	-8.80	5.73	-29.34	-17.45	-12.07
	(ख) फीका	-8.80	5.73	-29.34	-17.45	-12.07

टिप्पणी :

1. उपर्युक्त विवरणी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (अनिवार्यताओं और प्रकटन की अपेक्षाओं संबंधी सूचीकरण) विनियम, 2015 के विनियम 33और विनियम 52 के अंतर्गत शेयर बाजारों के सम्मुख फाइल किए गए, तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रप्रत्र का सार है। इसका पूरा प्रप्रत्र शेयर बाजारों के वेबसाइटों **www.nseindia.com**, **www.bseindia.com**, **www.cseindia.com** और इस कम्पनी के वेबसाइट **www.dredge-india.com** में उपलब्ध है।
2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (अनिवार्यताओं और प्रकटन की अपेक्षाओं संबंधी सूचीकरण) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) के खंड वाक्य (ए)(बी)(डी) और (ई) में संदर्भित मदों के लिए संगत प्रकटन मुम्बई शेयर बाजार में किए गए हैं और इनको **www.bseindia.com** पर और इस कम्पनी के वेबसाइट **www.dredge-india.com** पर दर्शाया गया है।

मंडल के आदेश से
कृते ड्रेजिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
हस्ता./-
(कप्तान एस.दिवाकर)
प्रबंध निदेशक व मु.का.अ.(अ/भा)

स्थान : विशाखपट्नम
दिनांक: 05.02.2026